प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 जून 2025

अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की ऋण और जमा दरें – जून 2025

जून 2025 के महीने के दौरान प्राप्त अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर) के ऋण और जमा दर संबंधी आंकड़े सारणी 1 से 7 में प्रस्तुत किए गए हैं।

मुख्य बातें :

ऋण दरें :

- एससीबी के नए रुपया ऋणों पर भारित औसत उधार दर (डब्ल्यूएएलआर) मई 2025 में घटकर 9.20 प्रतिशत रह गई, जो अप्रैल 2025 में 9.26 प्रतिशत थी।
- एससीबी के बकाया रुपया ऋणों पर डब्ल्यूएएलआर अप्रैल 2025 में 9.70 प्रतिशत से मामूली रूप से घटकर मई 2025 में 9.69 प्रतिशत रह गई।[1]
- एससीबी की एक वर्षीय निधि की सीमांत लागत आधारित उधार दर (एमसीएलआर) की माध्यिका मई 2025 में 8.95 प्रतिशत से कम होकर जून 2025 में 8.90 प्रतिशत रह गई।
- एससीबी के कुल बकाया अस्थिर दर रुपया ऋणों में बाह्य बेंचमार्क आधारित उधार दर (ईबीएलआर) से संबद्ध ऋणों की हिस्सेदारी मार्च 2025 के अंत में 61.6 प्रतिशत (दिसंबर 2024 के अंत में 60.6 प्रतिशत) थी, जबकि एमसीएलआर से संबद्ध ऋणों की हिस्सेदारी 34.9 प्रतिशत (दिसंबर 2024 के अंत में 35.9 प्रतिशत) थी।[1]

जमा दरें :

- एससीबी की नई रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मई 2025 में 6.11 प्रतिशत रही, जो अप्रैल 2025 में 6.34 प्रतिशत थी।
- एससीबी की बकाया रुपया मीयादी जमाओं पर भारित औसत घरेलू मीयादी जमा दर (डब्ल्यूएडीटीडीआर) मई 2025 में 7.07 प्रतिशत थी (अप्रैल 2025 में 7.10 प्रतिशत)।[1]

अजीत प्रसाद
उपमहाप्रबंधक (संचार)

प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/627

[1] बैंक के साथ गैर-बैंक के विलय के प्रभाव को आंकड़ों में शामिल नहीं किया गया है।